प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 13.08.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रदेश के विभिन्न जिलों में हर घर तिरंगा अभियान के प्रति लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज सुबह तिरंगा मैराथन को जयपुर के अल्बर्ट हॉल से रवाना किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने आसमान में गुब्बारे छोड़कर 'हर घर में तिरंगा' फहराने का संदेश दिया। श्री शर्मा ने राष्ट्रीय ध्वज लेकर खुद भी धावकों के साथ मैराथन में हिस्सा लिया। जयपुर ग्रेटर नगर निगम द्वारा आयोजित इस रैली में बड़ी संख्या धावकों ने भाग लिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ये अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऐसी अभिनव पहल है, जो देश के प्रत्येक नागरिक में राष्ट्रीय स्वाभिमान और गौरव की भावना जाग्रत करती है। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत शुरू किया गया यह अभियान अब एक जन आंदोलन बन गया है। इस अवसर पर सांसद मंजू शर्मा, जयपुर ग्रेटर नगर निगम की महापौर सौम्या गुर्जर, जयपुर कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित सहित नगर निगम के अधिकारी मौजूद रहे। जयपुर में ही आज भाजपा की ओर से तिरंगा रैली निकाली जाएगी। इसमें मुख्यमंत्री भी मौजूद रहेंगे। ये रैली रामलीला मैदान से शुरू होगी। अजमेर जिले में तिरंगा वॉकेथॉन का आयोजन कर देशभक्ति का संदेश दिया गया। इसे विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने झंडी दिखाकर रवाना किया। नसीराबाद में भी तिरंगा रैली का आयोजन हुआ। बारां में सांसद दुष्यंत सिंह ने मिनी सचिवालय परिसर में तिरंगा सेल्फी प्वाइंट और तिरंगा कैनवास का उद्घाटन किया। जैसलमेर में जिला स्तरीय तिरंगा पैदल यात्रा का आयोजन हुआ। यात्रा के माध्यम से स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा फहराने का संदेश दिया गया। कोटपूतली बहरोड में तिरंगा मेले का आयोजन किया जाएगा। डूंगरपुर में तिरंगा दौड़ आयोजित हुई। जोधपुर ग्रामीण और हनुमानगढ में तिरंगा वाहन रैली निकाली गई।

000

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के उपलक्ष में आज से जयपुर रेलवे जंक्शन पर दो दिवसीय प्रदर्शनी शुरू हुई। केंद्रीय संचार ब्यूरो के प्रादेशिक कार्यालय की ओर से आयोजित इस प्रदर्शनी का सांसद मंजू शर्मा ने उद्घाटन किया। सांसद ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शनी का उद्देश्य लोगों को देश की आजादी के नायकों और देश के बंटवारे के समय के हालात की जानकारी देना है। श्रीमती शर्मा ने इस अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान का जिक्र करते हुए देशवासियों से इस अभियान में भाग लेने और अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील की। इस मौके पर पीआईबी की अपर महानिदेशक ऋतु शुक्ला भी मौजुद रहीं। ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय उदयपुर और जोधपुर की ओर से भी आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के उपलक्ष में दो दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। उदयपुर में राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय में और जोधपुर के भगत की कोठी रेल्वे स्टेशन पर ये प्रदर्शनी लगाई गई है।

000

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में पश्चिमी राजस्थान में कुछ स्थानों पर और पूर्वी राजस्थान में अधिकतर क्षेत्रों में बादल गरजने के साथ बारिश हुई। अलवर, सवाईमाधोपुर और बीकानेर जिले में भारी वर्षा तथा दौसा, जयपुर, बूंदी और टोंक जिले में भारी से अति भारी बरसात दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा साढे 16 सेंटीमीटर बारिश टोंक के निवाई में हुई। दौसा के महुआ और बूंदी के नैनवा में 16–16 सेंटीमीटर पानी बरसा। जयपुर की सांगानेर तहसील में 15 सेंटीमीटर बारिश हुई। अलवर के मालाखेड़ा और मंडावर में 9 सेंटीमीटर बरसात दर्ज की गई। इनके अलावा, सवाईमाधोपुर, चित्तौडगढ, सीकर, बारां, सिरोही, कोटा, करौली, अजमेर, धौलपुर, भरतपुर, बीकानेर, हनुमानगढ, नागौर और श्रीगंगानगर में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात हुई।

विभाग ने आज और कल भरतपुर, जयपुर, अजमेर और कोटा संभाग के कुछ भागों में भारी तथा कहीं—कहीं अति भारी बारिश की प्रबल संभावना व्यक्त की है। पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में मध्यम और कहीं—कहीं भारी बारिश की गतिविधियां 15 और 16 अगस्त को भी जारी रहने की संभावना है। बीकानेर और जोधपुर संभाग में आज से 15 अगस्त तक कुछ भागों में बादल गरजने के साथ कहीं—कहीं भारी बारिश की आशंका है।

000